>

Title: Need to provide assistance out of Central Relief Fund to compensate the loss of crops due to cold waves in Rajasthan.

श्री राम सिंह कस्वां (चुरू): महोदय, राजस्थान में, विशेÂष रूप से मेरे संसदीय क्षेत्र चुरू के अंदर शीत लहर और पाला गिरने की वजह से गेहूं, सरसों, चना आदि की फसलें खराब हो गई हैं। राजस्थान सरकार से बार-बार आग्रह किया है, किसानों ने धरना दिया है और विधानसभा में मामला उठाया गया है। राजस्थान सरकार कहती है कि पाला गिरने से और शीत लहर से फसलों को हुए नुकसान का सीआरएफ के अंतर्गत राहत नहीं दी जा सकती। मेरा सरकार से अनुरोध है कि शीत लहर और पाला को भी अकाल और

अतिवृष्टि की तरह सीआरएफ में शामिल किया जाए और इसे प्राकृतिक आपदा घोषित किया जाए।

मेरा निवेदन है कि वर्षों से हमारे यहां बार-बार अकाल पड़ रहा है। कभी-कभी अच्छी फसल होती है, लेकिन इस प्रकार से प्राकृतिक आपदा से फसलों की बरबादी के कारण किसानों को बहुत नुकसान उठाना पड़ता है। मेरा भारत सरकार से निवेदन है, राजस्थान सरकार ने भी प्रस्ताव भेजा है और हमने भी ज्ञापन दिया है और किसान संगठन भी बार-बार मांग कर रहे हैं कि आप इस आपदा को सीआरएफ में शामिल करे। यह राजस्थान के लिए बहुत बड़ा मुद्दा बन चुका है। मंत्री जी सदन में बैठे हुए हैं। वे किसानों के हित की बात करें और बहाना बना कर किसान को मारने की बात न की जाए। धन्यवाद।